OM-22 - 2021 FINAL FILE_Page 1 and 2 10/02/2021 5:07 PM Page 12



[ 'विश्व शांति के लिए युवा' थीम का शुभारंभ ]

# विकास की राह मिलेगी युवाओं को

**भीनमाल-राज.।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा 'विश्व शांति के लिए युवा' थीम पर आगामी छः महीनों के लिए कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष हिंगलाज दान चारण ने संस्था के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हर युवा विवेकानंद से प्रेरणा लेकर अपना जीवन आदर्श बना सकता है। किसान मोर्चा के अध्यक्ष वाड़ा भी उपस्थित रहे। स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. गीता बहन ने कार्यक्रम की थीम का लक्ष्य एवं क्रियाकलापों पर प्रकाश डालते बताया कि इसके द्वारा युवाओं को सामाजिक, बौद्धिक, मानसिक, आध्यात्मिक विकास की राह मिलेगी। ब्र.कु. शैल बहन,मंडार ने सभी मेहमानों एवं युवा भाई-बहनों का धन्यवाद किया तथा ब्र.कु. महेश,प.



पुखराज बगोटी एवं भीनमाल से एसडीएम ओम प्रकाश जाट ने शुभकामनाएं दी। मारवार चेतना के संपादक कन्हैयालाल खंडेलवाल ने कहा कि मनुष्य श्रेष्ठ विचार और श्रेष्ठ जीवन का ध्यान रखे तो अवश्य जीवनशैली में परिवर्तन आता है। ब्र.कु.हरीश,मा.आबू ने ब्रह्माकुमारीज़ के युवा प्रभाग की गतिविधियों से सभी को अवगत कराया। गायक ब्र.कु. भानु,मा.आबू ने युवाओं के लिए प्रेरणादायी गीत प्रस्तुत किये। ब्र.कु. संजय,मा.आबू तथा ब्र.कु सुनीता,रानी बंगाल ने युवाओं से उत्साहपूर्ण नारे लगवाये। तत्पश्चात् प्रभु वरदान भवन से 108 मशालों के साथ विवेकानंद सर्किल तक मशाल जुलूस निकाला गया। विवेकानंद सर्किल पर भीनमाल एसीजीएम पुनाराम जी द्वारा विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं संबोधित किया गया। मौके पर गुमान सिंह राव, लक्ष्मण भजवाड, लक्ष्मीकांत भाई, नारायण भाई, गुंजन बहन, कीर्ति बहन, संध्या बहन, सुमन बहन सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रेम और सौहार्द बढ़ाने में धर्मगुरुओं की भूमिका अहम

**जयपुर-सोडाला(राज.)।** 'देश में प्रेम-सद्भाव का वातावरण सुदृढ़ करने में धर्मगुरुओं की भूमिका' विषय पर सी-स्कीम स्थित होटल में आयोजित सर्वधर्म संगोष्ठी के दौरान गलता तीर्थ के महंत अवधेशाचार्य जी ने कहा कि परस्पर आशंकाओं के कारण घृणा बढ़ती है। जमात-ए-इस्लामी हिन्द के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो.मो.सलीम,इंजीनियर ने कहा कि सभी के अधिकारों का हमें सम्मान करना चाहिए। शहर मुफ्ती मो. ज़ाकिर नौमानी ने कहा कि समाज में प्रेम और सौहार्द बढ़ाने में धर्मगुरुओं की भूमिका अहम है। जयपुर डायसिस के बिशप ओसवल्ड लुइस ने कहा कि हमें समाज को समझाना होगा कि हम सभी ईश्वर की संतान हैं। संसारचंद्र रोड स्थित दरगाह मीर कुर्बान अली के सज्जादनशीन हबीबुर्रहमान नियाजी ने कहा कि स्वार्थी लोगों, नफरत फैलाने वालों से सावधान रहने की ज़रूरत है। गुरूद्वारा जवाहरनगर के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी गुरदीप सिंह ने कहा कि हमारी सबसे बड़ी शक्ति यह है कि हम सभी ईश्वर में विश्वास रखते हैं। शिया मुस्लिम धर्मगुरू सादिक हुसैनी व ब्रह्माकुमारीज़ की ओर से ब्र.कु. स्नेहा बहन ने अपने विचार रखे। सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण भैया ने कहा कि बड़(बरगद) और बड़ों को हमने त्याग दिया, जिससे समस्याएं पैदा हो रही हैं। मसीही शक्ति समिति के अध्यक्ष फादर विजय पॉल सिंह, श्याम सुंदर, मुफ्ती मो.अखलाक, मो.शफीक कायमखानी, गायत्री परिवार के रामराय शर्मा, प्रहलाद राय, पं. पुरुषोत्तम भारती, बौद्ध भिक्षु भन्ते कश्यप आनन्द ऑनलाइन जुड़े। मौके पर जामा मस्जिद के सदर नईमुद्दीन कुरैशी, नईम रब्बानी, डॉ. मो. इकबाल सिद्दीकी, अब्दुल सलाम जौहर भी मौजूद थे।



**संगोष्ठी में...**

- धार्मिक जन मोर्चा की राजस्थान इकाई का गठन किया गया
- सभी धर्मगुरुओं के लिए अध्यक्ष मंडल बनाया गया
- धर्मगुरुओं ने तय किया कि अब से सभी आपस में मिलकर विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे ताकि समाज में अच्छा संदेश जाए

# भारतीय संस्कृति की धरोहर को बचाये रखें युवा

**हाथरस-उ.प्र.।** हमारा देश युवाओं का देश है। सारा संसार भारत के युवाओं की ओर निहारता है। जनसंख्या हमारे लिए बोझ नहीं है यदि उसे कार्य पर तत्पर रखा जाये और चारित्रिक उत्थान लगातार होता रहे तो। ब्रह्माकुमारीज़ जैसी संस्थायें समाज में चरित्र को बनाये रखने के लिए अपना अमूल्य योगदान दे रही हैं। उक्त विचार जिले के युवा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पी.सी. बागला महाविद्यालय में आयोजित 'विश्व शांति के लिए युवा' प्रोजेक्ट के शुभारंभ कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि किसी भी वस्तु का सकारात्मक उपयोग व्यक्ति के चरित्र पर निर्भर करता है। युवाओं में जोश है, ताकत है, बस आवश्यकता है संस्कारों को बनाये रखने की। संस्था का संक्षिप्त परिचय एवं युवा प्रभाग के कार्यक्रम 'यूथ फॉर ग्लोबल पीस' की जानकारी स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. शान्ता ने दी। ब्र.कु. दिनेश ने छः महीने तक होने वाले कार्यक्रम की थीम प्रस्तुत की। प्राचार्य मेजर राजकमल दीक्षित ने कहा कि युवाओं के चारित्रिक उत्थान के लिए आयोजित कार्यक्रम हेतु संगठन साधुवाद का पात्र है। कॉलेज के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी चन्द्रशेखर रावल ने कॉलेज की ओर से सभी का स्वागत किया। कॉलेज के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अध्यक्षा सुनन्दा महाजन ने सभी का आभार व्यक्त किया। ब्र.कु. गजेन्द्र ने सभी को जीवन में शांति बनाये रखने के लिए शपथ दिलाई।



# कारगर सिद्ध होगा यह मॉडल

## राजयोग द्वारा प्रकृति का शुद्धिकरण संभव

**अम्बिकापुर-चोपड़ा पारा(छ.ग.)।** वृक्षमित्र ओ.पी. अग्रवाल मॉडल के तहत ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा 'जलवायु परिवर्तन रोकने हेतु एक प्रयास' विषयक ऑनलाइन वेबिनार में कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग के एग्ज़ीक्यूटिव मेम्बर ब्र.कु. राजेश देव,मुम्बई ने कहा कि वर्तमान समय विश्व भर में सबसे बड़ी समस्या जलवायु परिवर्तन है जो आतंकवाद से भी गंभीर है। इस समस्या से भारत के 80 प्रतिशत छोटे किसानों को बचाने के लिए हमें जागरुकता लाकर पूरे देश को तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा सिखाये जा रहे यौगिक खेती की विधियों को जानने से इस समस्या का निदान सम्भव है। वृक्षमित्र ओ.पी. अग्रवाल ने कहा कि दो एकड़ से कम ज़मीन में इस मॉडल का निर्माण किया गया है। जिसमें एक तालाब, विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधे, खेती-वनस्पति एवं मछलियों का भी उत्पादन किया गया है। यह मॉडल फॉर्म फॉरेस्टी के विद्यार्थियों के अध्ययन के लिये भी उचित है। पूर्व कुलपति रोहिणी प्रसाद ने कहा कि



जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए ओ.पी. अग्रवाल द्वारा बनाया गया यह मॉडल सभी के लिये कारगर सिद्ध होगा। सरगुजा संभाग की सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. विद्या दीदी ने कहा कि विचारों में परिवर्तन से जलवायु ज़्यादा प्रभावित हो रहा है। राजयोग मेडिटेशन के द्वारा प्रकृति को शुद्ध एवं सात्विक बना सकते हैं। फिल्म निर्माता एवं अभिनेता आनन्द कुमार गुप्त ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिये फिल्मों और ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाया जा सकता है। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान मुख्य वनसंरक्षक शाहबाज अहमद, पूर्व अतिरिक्त प्रधान मुख्य वनसंरक्षक आर. जी. सोनी, राजमोहिनी कृषिमहाविद्यालय के डीन वी.के. सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र रवीन्द्र तिग्गा, पूर्व मुख्य वनसंरक्षक के.के. बिसेन, प्रोफेसर इन्दिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. एस.एस. शाह, भारत कृषक समाज महामंत्री कर्तिकेय जायसवाल, बी.एस. कटलरिया आदि शरीक हुए। संचालन भारत कृषक समाज सरगुजा संभाग लक्ष्मी गुप्ता महामंत्री ने किया।

# धूमधाम से मनाई सेवाकेन्द्र की तृतीय वर्षगांठ



**बोध गया-बिहार।** स्थानीय सेवाकेन्द्र की तृतीय वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गयी। इस अवसर पर सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. प्रतिमा ने ईश्वरीय सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बोध गया एक अंतर्राष्ट्रीय स्थान होने के कारण यहाँ देश-विदेश से आने वाले लाखों लोगों को ईश्वरीय संदेश दिया गया। हज़ारों भाई-बहनें प्रतिदिन सेवाकेन्द्र पर ज्ञान अमृत पान कर अपने जीवन को श्रेष्ठ बना रहे हैं और भिन्न-भिन्न आयोजनों के द्वारा ईश्वरीय संदेश जन-जन तक पहुँचाया जा रहा है। इस वर्ष में भी विभिन्न आयोजनों का लक्ष्य रखा गया है। ए.पी. कॉलोनी,गया सेवाकेन्द्र की संचालिका ब्र.कु. सुनीता ने ईश्वरीय सेवाओं की वृद्धि के लिए शुभ भावनाओं के साथ अपनी शुभकामनायें दीं। डाक घर,बोध गया के प्रधान अधीक्षक अरविंद कुमार ने इस संस्था द्वारा दी जा रही सेवाओं की सराहना करते हुए लोगों से ईश्वरीय ज्ञान प्राप्त कर अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाने की अपील की। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन एवं केक कटिंग में शामिल रहे इंजीनियर रोहित कुमार, सी.ए. विश्वनाथ कुमार राय, इनर क्लब की सदस्य पूनम गुप्ता तथा आशा बहन।

# युवाओं को केवल सही दिशा की ज़रूरत

**वाराणसी-उ.प्र.।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नेहरु युवा केंद्र, वाराणसी के तत्वाधान में चोलापुर ब्लॉक स्थित ग्राम कादीपुर में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में युवाओं के लिए प्रेरणादायी संगोष्ठी के साथ ब्रह्माकुमारीज़ के युवा प्रभाग द्वारा प्रायोजित "यूथ फॉर ग्लोबल पीस" प्रोजेक्ट के अंतर्गत 'पीस मार्च' का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए ब्र.कु. बिपिन ने कहा कि हमें आज युवाओं को सही दिशा देने की ज़रूरत है जिससे वह जाति, धर्म एवं अनेक भेदों से ऊपर उठकर अपनी ऊर्जा को राष्ट्र और विश्व के नव निर्माण में लगा सके।



ब्र.कु. तापोशी बहन ने कहा कि युवाओं में निहित शक्ति और सामर्थ्य सकारात्मक हो तो भारत को विश्व गुरू बनाने से कोई नहीं रोक सकता। ब्र.कु. निशा ने भी अपने प्रेरणादायी विचार रखे तथा ब्र.कु. पूनम ने युवाओं को शान्तिदूत बनने हेतु संकल्पित कराया। नेहरु युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी निखिल जी ने युवाओं को सकारात्मक परिवर्तन द्वारा समाज परिवर्तन हेतु प्रेरित किया। नमामि गंगे की जिला परियोजना अधिकारी ऐश्वर्या मिश्रा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में चोलापुर ब्लॉक से दस गांव के युवा मंडल सदस्स शामिल रहे। संचालन आराजी लाइन के डॉ. नंदकिशोर ने किया। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चिराग यादव एवं पूजा भास्कर के संयोजन में उक्त कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/21-23, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2021-23, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 12th Feb, 2021
स्वामी - राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन, प्रकाशक एवं सम्पादक - गंगाधर नरसिंघानी, मुद्रक - डी.बी. कॉर्प.लि. द्वारा भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस, डी.बी. कॉर्प.लि.,शिवदासपुरा, टोंक रोड,जयपुर से मुद्रित एवं ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन, आबू रोड(राज.)- 307510
See Latest News - www.omshantimedia.org